# उम्मीदवारों के वक्तव्यों के बारे में सूचना

## इस गाइड में

इस मतदाता निर्देशिका में अमेरिकी सेनेट के उम्मीदवारों के बारे में सूचना शामिल है जो इस गाइड के पृष्ठ 117 से आरंभ होती है।

अमेरिकी सीनेट के उम्मीदवार इस मतदाता निर्देशिका में अपने उम्मीदवार के वक्तव्य के लिए स्थान खरीद सकते हैं। फिर भी, कुछ उम्मीदवार वक्तव्य के लिए स्थान न खरीदने का निर्णय करते हैं।

अमेरिकी सीनेट के उम्मीदवार हैं:

| | |
|---|---|
| Kamala D. Harris | डेमोक्रैटिक |
| Loretta L. Sanchez | डेमोक्रेटिक |

## आपकी नमूना मतपत्र पुस्तिका में (आपके काउंटर रजिस्ट्रार से अलग से डाक द्वारा भेजी गई)

इस गाइड में दिए उम्मीदवारों के अलावा, आपके मतपत्र में राज्य सेनेट, राज्य विधानसभा (असेम्बली), तथा अमेरिकी प्रतिनिधि सदन के उम्मीदवार शामिल हो सकते हैं।

यदि राज्य सीनेट और राज्य विधानसभा के उम्मीदवार अपने अभियान खर्च को नीचे वर्णित किसी खास डॉलर धनराशि के भीतर रखने के लिए सहमत हों, तो वे काउंटी की नमूना मतपत्र पुस्तिकाओं में उम्मीदवार के वक्तव्य के लिए स्थान खरीद सकते हैं।

- राज्य सीनेट के उम्मीदवार आम चुनाव में $1,269,000 से अधिक खर्च नहीं कर सकते हैं
- राज्य विधानसभा के उम्मीदवार आम चुनाव में $987,000 से अधिक खर्च नहीं कर सकते हैं

💻 California की स्वैच्छिक अभियान खर्च सीमाओं को स्वीकार करने वाले उम्मीदवारों की सूची *www.sos.ca.gov/elections/candidate-statements* पर उपलब्ध है

California की स्वैच्छिक अभियान खर्च सीमाएँ राष्ट्रपति, अमेरिकी सीनेट, तथा अमेरिकी प्रतिनिधि सदन सहित संघीय पदों के उम्मीदवारों पर लागू नहीं होती हैं।

अमेरिकी प्रतिनिधि सदन के सभी उम्मीदवार काउंटी की नमूना मतपत्र पुस्तिकाओं में उम्मीदवार वक्तव्य के लिए स्थान खरीद सकते हैं। फिर भी, कुछ उम्मीदवार वक्तव्य के लिए स्थान न खरीदने का निर्णय करते हैं।

💻 राज्यव्यापी उम्मीदवारों की प्रमाणित सूची के लिए *www.sos.ca.gov/elections/candidate-statements* पर जाएं

## अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों पर सूचना राज्य सचिव की मतदाता जानकारी निर्देशिका पर उपलब्ध होगी। अधिक जानकारी के लिए विजिट करें *www.voterguide.sos.ca.gov*